आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 12.09.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदा ग्रस्त उत्तराखंड के लिए 1200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक राहत पैकेज की घोषणा पर प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया।
- श्री धामी ने कहा– प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सरकार पूरी क्षमता से प्रयास कर रही है।
- उत्तराखंड के विभिन्न विभागों में वर्दीधारी उपनिरीक्षक और आरक्षी के पदों पर सीधी भर्ती में एकरूपता के लिए एकीकृत भर्ती नियमावली की अधिसूचना जारी।
- उत्तराखंड की वन पंचायतों के सशक्तिकरण और कार्बन क्रेडिट पर अल्मोड़ा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।

पीएम मौदी दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाढ़ प्रभावित उत्तराखंड के लिए 1200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है। अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान श्री मोदी ने देहरादून में राज्य के प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति, बादल फटने, बारिश और भूस्खलन से हुए नुकसान की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने लोगों की मदद के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घरों का पुनर्निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों तथा स्कूलों का पुनर्निर्माण, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के माध्यम से राहत प्रदान करना और पशुओं के लिए मिनी किट वितरित करना जैसे उपाय शामिल होंगे। हमारी संवाददाता ने बताया है कि प्रधानमंत्री ने बाढ़ और संबंधित आपदाओं में मृतकों के परिजनों के लिए दो–दो लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए 50–50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की भी घोषणा की है।

पीएम का आभार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में आई आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए 1200 करोड़ रुपये के आर्थिक राहत पैकेज के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य में आई आपदा से हुए नुकसान और प्रभावित क्षेत्रों में संचालित राहत व बचाव कार्यों की जानकारी दी।

श्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड में आई प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार पूरी क्षमता से प्रयास कर रही है।

पर्यटन मंत्री दिल्ली दौरा

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मौसम विभाग और भू–विज्ञान से जुड़े वैज्ञानिकों से पर्वतीय क्षेत्रों में संवेदनशील और ऊंचाई वाले स्थानों पर प्राकृतिक रूप से बने ग्लेशियरों तथा बड़े तालाबों का अध्ययन करने का अनुरोध किया। पर्यटन मंत्री ने कहा कि उपग्रह आधारित निगरानी प्रणाली को मजबूत करने, बादल फटने और अन्य आपदाओं की सटीक जानकारी तुरंत स्थानीय प्रशासन और आम जनता तक भेजने की तकनीक पर तेजी से काम करने की जरूरत है ताकि भविष्य में इस गंभीर संकट से निपटा जा सके।

एकीकृत भर्ती नियमावली

उत्तराखंड के विभिन्न विभागों में वर्दीधारी उपनिरीक्षक और आरक्षी के पदों पर सीधी भर्ती में एकरूपता के लिए एकीकृत भर्ती नियमावली की अधिसूचना जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य के युवाओं के हितों और सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विभागों में वर्दीधारी उपनिरीक्षक तथा आरक्षी के पदों पर एकीकृत भर्ती की व्यवस्था एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप वर्दीधारी पदों के लिए तैयार की गई नई नियमावली युवाओं को पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती के अवसर प्रदान करने के साथ ही राज्य की सुरक्षा तथा सेवा व्यवस्था को भी सुदृढ़ करेगी।

वन पंचायत कार्यशाला

उत्तराखंड की वन पंचायतों के सशक्तिकरण और कार्बन क्रेडिट पर अल्मोड़ा के स्यालीधार स्थित मानस खंड विज्ञान केंद्र में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यूकॉस्ट द्वारा महिला हाट और वसुंधरा संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में अल्मोड़ा और नैनीताल जिलों के सरपंच संगठनों ने भाग लिया। कार्यशाला में वर्चुअल रूप से भाग लेते हुए यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने उत्तराखंड के वनों के संरक्षण के लिए वन पंचायतों के महत्व पर जानकारी दी। मानस खंड विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि सरपंचों को कार्बन क्रेडिट के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पौड़ी मासिक बैठक सम्पन्न

पौड़ी जिले के मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवन्त की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास विभाग की मासिक स्टाफ बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए ठोस प्रयास करने को प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने विभागीय योजनाओं के कन्वर्जेंस को और बेहतर बनाने पर जोर दिया।

कुंजापुरी मेला

टिहरी जिले में 22 सितंबर से शुरू हो रहे ऐतिहासिक कुंजापुरी मेले की तैयारियां जिला प्रशासन ने शुरू कर दी हैं। इसके लिए प्रशासन मेला परिसर में भीड़ नियंत्रण और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने में जुटा है। इसी क्रम में, जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने नरेंद्रनगर में कुंजापुरी मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण किया। आकाशवाणी से बातचीत में जिलाधिकारी ने बताया कि मेला परिसर में सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड के दौरे को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से स–चित्र प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण का शीर्षक है– पीएम मोदी ने उत्तराखंड के आपदा पीड़ितों का दर्द बांटा, 1200 करोड़ की तत्काल मदद।

इसी खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने श्री मोदी के हवाले से लिखा है– जरूरत और आकलन के अनुसार आपदा राहत और बचाव कार्यों के लिए आगे और सहायता देंगे।

टिहरी झील क्षेत्र के पर्यटन विकास के समाचार को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से स्थान दिया है। अमर उजाला लिखता है – एशियन विकास बैंक देगा, 11000 करोड़ का ऋण। राष्ट्रीय सहारा लिखता है – टिहरी झील क्षेत्र में इको फ्रेंडली पर्यटन विकास को एक सौ छब्बीस दशमलव चार मिलियन डॉलर का ऋण समझौता।